मॉडल महिला-हितैषी ग्राम पंचायतें

समावेशी और परिवर्तनकारी स्थानीय शासन के लिए उत्कृष्ट प्रथाओं का प्रदर्शन

2026

MINISTRY OF PANCHAYATI RAJ
GOVERNMENT OF INDIA

सशक्त पंचायत सतत विकास

UNFPA

मॉडल महिला-हितैषी ग्राम पंचायतें

समावेशी और परिवर्तनकारी स्थानीय शासन के लिए उत्कृष्ट प्रथाओं का प्रदर्शन

2026

MINISTRY OF PANCHAYATI RAJ
GOVERNMENT OF INDIA

सशक्त पंचायत सतत विकास

UNFPA

प्रस्तावना

मॉडल महिला हितैषी ग्राम पंचायतों का संकलन स्थानीय शासन में महिलाओं को केंद्र में रखने वाले परिवर्तनकारी सर्वोत्तम प्रथाओं के दस्तावेजीकरण एवं प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह देशभर से विविध, नवाचारी एवं पुनरुत्पादनीय मॉडलों को प्रस्तुत करता है, जो दर्शाते हैं कि पंचायतें समावेशी योजना, सामुदायिक सहभागिता एवं योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से लैंगिक असमानताओं को प्रभावी ढंग से संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण को समग्र रूप से बढ़ावा दे सकती हैं।

इस संकलन में उल्लिखित प्रथाएँ जैसे- महिला सभाओं को सशक्त बनाना, लैंगिक संवेदनशील योजना को बढ़ावा देना तथा महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक अवसरों को सुदृढ़ करना, यह स्पष्ट करती हैं कि विकेन्द्रीकृत शासन सामाजिक परिवर्तन को गति देने में कितना प्रभावी है। ये पहलें यह भी दर्शाती हैं कि जब महिलाओं को नेतृत्व, निर्णय निर्माण और सक्रिय भागीदारी में सशक्त किया जाता है, तब पंचायतें अधिक उत्तरदायी, पारदर्शी और न्यायसंगत संस्थाओं के रूप में विकसित होती हैं।

महत्वपूर्ण रूप से, यह संकलन राज्यों, पंचायतों एवं विकास कार्यकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण ज्ञान संसाधन के रूप में कार्य करता है, जो स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप अपनाए जा सकने वाले व्यवहारिक एवं विस्तार योग्य मॉडल प्रदान करता है। यह स्थानीयकरण सतत विकास लक्ष्यों (एलएसडीजी) के व्यापक ढांचे के अंतर्गत महिला हितैषी ग्राम पंचायतों के निर्माण के दृष्टिकोण को सुदृढ़ करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि विकास समावेशी हो और कोई भी पीछे न छूटे।

पंचायती राज मंत्रालय जमीनी स्तर पर लैंगिक परिवर्तनकारी शासन को प्रोत्साहित करने तथा ऐसी सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। आशा है कि यह संकलन सामूहिक प्रयासों को प्रेरित करेगा और देशभर में सशक्त, समावेशी एवं सुदृढ़ ग्रामीण समुदायों के निर्माण की दिशा में प्रगति को और तेज करेगा।

विवेक भारद्वाज
सचिव
पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार

प्रस्तावना

मॉडल महिला हितैषी ग्राम पंचायतों का संकलन पंचायती राज संस्थाओं की उस परिवर्तनकारी क्षमता का सशक्त उदाहरण है, जो जमीनी स्तर पर लैंगिक संवेदनशील और समावेशी शासन को आगे बढ़ाती है। इस संकलन में प्रस्तुत विविध सर्वोत्तम प्रथाएँ यह दर्शाती हैं कि स्थानीय स्तर पर विकसित नवाचार, जब सामुदायिक सहभागिता और संस्थागत अभिसरण के साथ जुड़ते हैं, तो वे गहराई से जड़ जमाए लैंगिक असमानताओं को प्रभावी रूप से संबोधित करते हुए महिलाओं और बालिकाओं के लिए सशक्त वातावरण का निर्माण करते हैं।

इस संकलन में दर्शाए गए अनुभव जैसे- महिला सभाओं को सुदृढ़ करना, लैंगिक संवेदनशील योजना को बढ़ावा देना तथा महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना, यह स्पष्ट करते हैं कि सतत विकास तभी संभव है जब महिलाओं को शासन प्रक्रिया के केंद्र में रखा जाए। ये पहलें कल्याण आधारित दृष्टिकोण से आगे बढ़कर सशक्तिकरण आधारित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाती हैं, जहाँ महिलाएँ परिवर्तन की सक्रिय भागीदार और सामुदायिक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरती हैं।

यह संकलन केवल सफल हस्तक्षेपों का दस्तावेज ही नहीं, बल्कि उनके पुनरुत्पादन और विस्तार के लिए एक व्यवहारिक मार्गदर्शिका भी है। यह राज्यों, जिलों और स्थानीय सरकारों को उनकी स्थानीय आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप इन मॉडलों को अपनाने के लिए उपयोगी एवं क्रियाशील मार्गदर्शन प्रदान करता है।

पंचायती राज मंत्रालय महिला हितैषी ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने हेतु क्षमता निर्माण, नीतिगत समर्थन तथा सतत ज्ञान साझेदारी के माध्यम से अनुकूल वातावरण विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। आशा है कि इस संकलन से प्राप्त अनुभव देशभर की पंचायतों को समावेशी शासन को अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे और सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण की दिशा में प्रगति को तीव्र करते हुए प्रत्येक महिला और बालिका के लिए गरिमा, समानता और अवसर सुनिश्चित करेंगे।

सुशील कुमार लोहानी
अपर सचिव
पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार

विषय-सूची

प्राक्कथन	1
उसके लिए एक पंचायत: समावेशी शासन का किशोरीनगर मॉडल	9
खेतों से बाज़ार तक: जोरहाट ग्राम पंचायत में महिला उद्यमियों का सशक्तिकरण	11
लड़कियों की शिक्षा और स्वतंत्रता के माध्यम से सपनों का निर्माण	13
डिजिटल शासन के माध्यम से ग्रामीण परिवर्तन को गति	15
शी हाट' के माध्यम से महिला-नेतृत्वित उद्यमिता द्वारा परिवर्तन	17
शिक्षा, सशक्तिकरण और उन्नति: एक ग्राम पंचायत की परिवर्तन यात्रा	19
हल्लिखेड़ा का समेकित मॉडल	22
समानता के लिए बजट: लैंगिक-उत्तरदायी योजना के माध्यम से	24
ईशानगर की महिला-केंद्रित शासन की यात्रा	27
महिलाओं की गरिमा और सशक्तिकरण के प्रति पंचायत की प्रतिबद्धता	29

बाधाओं से उपलब्धियों तक: महिला हितेषी ग्राम पंचायत का निर्माण 31

जब महिलाएँ नेतृत्व करती हैं, तो समुदाय आगे बढ़ता है: शासन परिवर्तन में महिला सभाओं की शक्ति 33

समेकित विकास पहलों के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण 35

संकल्प से प्रभाव तक: महिला हितेषी ग्राम पंचायत का निर्माण 38

सुरक्षित स्थान, मजबूत आवाज़ें: महिलाओं के अनुकूल पंचायत की ओर रारह की यात्रा 40

सहभागितापूर्ण शासन के माध्यम से शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा 43

असुरक्षा से आवाज़ तक: महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण की ओर पंचायत की यात्रा 45

महिलाओं के नेतृत्व से परिवर्तन की दिशा 47

महिला सशक्तिकरण, बेहतर स्वास्थ्य और शून्य अपशिष्ट की दिशा में परिवर्तन 50

प्राक्कथन

स्थानीय शासन सतत विकास की आधारशिला है और सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) को आगे बढ़ाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे ध्यान में रखते हुए पंचायती राज मंत्रालय (MoPR) ने पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से एसडीजी के स्थानीयकरण को प्राथमिकता दी है। इसके लिए सहभागी योजना निर्माण, समावेशी निर्णय-प्रक्रिया और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप कार्यान्वयन रणनीतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है।
एसडीजी के स्थानीयकरण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विकास की पहलें स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप, सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक और समुदायों की आवश्यकताओं, प्राथमिकताओं तथा उनके जीवन के वास्तविक अनुभवों के प्रति संवेदनशील हों।

पंचायती राज संस्थाओं को क्षेत्र-विशिष्ट समाधान अपनाने के लिए सशक्त बनाकर स्थानीय शासन विकास में मौजूद अंतराल को प्रभावी रूप से दूर कर सकता है और यह सुनिश्चित कर सकता है कि कोई भी व्यक्ति विकास की प्रक्रिया से पीछे न रह जाए।

जमीनी स्तर पर एसडीजी के क्रियान्वयन को अधिक व्यवहारिक बनाने के लिए मंत्रालय ने 17 सतत विकास लक्ष्यों को नौ विषयगत क्षेत्रों में समाहित किया है। इससे पंचायतों को विकास योजनाओं की योजना बनाने, उन्हें लागू करने और उनके परिणामों की निगरानी करने के लिए एक व्यावहारिक ढाँचा प्राप्त होता है।

इनमें से नवां विषय "महिला हितेषी पंचायतों का निर्माण" पर केंद्रित है। यह एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है जिसका उद्देश्य स्थानीय शासन के केंद्र में लैंगिक समानता और समावेशिता को स्थापित करना है।

महिला हितेषी ग्राम पंचायत (WFGP) की स्थापना यह सुनिश्चित करती है कि महिलाओं, लड़कियों और अन्य कमजोर वर्गों की आवाज़, चिंताएँ और अनुभव ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) में शामिल हों। इससे शासन अधिक उत्तरदायी और सहभागी बनता है।

महिला हितेषी ग्राम पंचायतों के प्रमुख उद्देश्य

- **शासन में लैंगिक दृष्टिकोण को मुख्यधारा में लाना** : सभी विकास योजनाओं और पहलों में लैंगिक दृष्टिकोण को शामिल करना, ताकि पंचायतें लैंगिक असमानताओं को दूर कर सकें, लैंगिक आधारित हिंसा से निपट सकें और बाल विवाह तथा लिंग आधारित भेदभाव जैसी हानिकारक प्रथाओं को समाप्त करने की दिशा में काम कर सकें।

- **महिला नेताओं को सशक्त बनाना :** जमीनी स्तर पर महिला नेताओं को सशक्त बनाना, ताकि निर्णय-प्रक्रिया में समावेशिता बढ़े, शासन में समानता सुनिश्चित हो और स्थानीय स्तर पर जवाबदेही मजबूत हो।

- **सामुदायिक सोच में परिवर्तन :** महिला हितेषी पंचायतें परिवार और समुदाय में महिलाओं और लड़कियों की भूमिका और महत्व के प्रति सोच को बदलने में मदद करती हैं। इससे विकास से जुड़ी पहलों में उनकी भागीदारी और दृश्यता बढ़ती है।

- **उत्तरदायी विकास योजना :** जब ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में महिलाओं और लड़कियों की प्राथमिकताओं को शामिल किया जाता है, तो स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, आर्थिक सशक्तिकरण, सुरक्षा और हिंसा से संरक्षण जैसे क्षेत्रों में लक्षित निवेश सुनिश्चित होता है।

पंचायती राज मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) के साथ मिलकर मध्य प्रदेश और राजस्थान में महिला हितेषी ग्राम पंचायत पहल को पायलट परियोजना के रूप में शुरू किया।

इन राज्यों में इस पहल के प्रारंभिक अनुभवों से यह स्पष्ट हुआ कि यह पहल भेदभावपूर्ण सामाजिक मान्यताओं को चुनौती देने, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और समुदाय की संवेदनशीलता को मजबूत करने में प्रभावी रही।

इन सकारात्मक परिणामों को देखते हुए पंचायती राज मंत्रालय ने इस पहल को देश के प्रत्येक जिले की एक ग्राम पंचायत तक विस्तार देने का निर्णय लिया, ताकि समावेशी शासन के लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सकें।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर देशभर की 770 ग्राम पंचायतों ने महिला हितेषी ग्राम पंचायत पहल को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस पहल के एक वर्ष पूर्ण होने के बाद, पंचायती राज मंत्रालय ने देशभर की महिला हितेषी ग्राम पंचायतों से उभर रही नवाचारी पहलों और दोहराए जा सकने वाले मॉडलों को दस्तावेज़ करने के लिए अच्छी प्रथाओं का एक संकलन (Compendium) तैयार करने का निर्णय लिया।

इस संकलन का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में महिला और बालिका अनुकूल पंचायतों के परिवर्तनकारी प्रभाव को प्रस्तुत करना है, जैसे—

- **शासन :** निर्णय-प्रक्रिया और योजना निर्माण में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करना।
- **स्वास्थ्य और पोषण :** रोकथाम आधारित स्वास्थ्य सेवाओं, मातृ स्वास्थ्य सेवाओं और पोषण से जुड़ी पहलों तक पहुँच बढ़ाना।

- **आर्थिक सशक्तिकरण :** महिलाओं के लिए उद्यमिता, कौशल विकास और आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देना।
- **शिक्षा और कौशल विकास :** सीखने और व्यावसायिक प्रशिक्षण तक समान अवसर सुनिश्चित करना।
- **सुरक्षा और संरक्षण :** लैंगिक आधारित हिंसा और हानिकारक प्रथाओं की रोकथाम करना तथा सार्वजनिक और निजी दोनों स्थानों को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाना।

सर्वोत्तम प्रथाओं, ठोस परिणामों और नवाचारी पहलों को प्रस्तुत करके यह संकलन पंचायतों, नीति-निर्माताओं और विकास क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने और मार्गदर्शन देने का प्रयास करता है, ताकि स्थानीय शासन व्यवस्था को अधिक समावेशी, लैंगिक संवेदनशील और वास्तविक रूप से परिवर्तनकारी बनाया जा सके।

उसके लिए एक पंचायत: समावेशी शासन का किशोरीनगर मॉडल

किशोरीनगर ग्राम पंचायत, केंद्र शासित प्रदेश: अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह समेकित शासन का मॉडल

ग्राम पंचायत का नाम: किशोरीनगर

नाम: श्रीमती रीता धाली

जिला: नॉर्थ एंड मिडल अंडमान

ब्लॉक: डिगलीपुर

ग्राम पंचायत की जनसंख्या: 3,027

सरपंच / ग्राम पंचायत अध्यक्ष का नाम

श्रीमती रीता धाली

चुनौतियाँ

महिला हितेषी ग्राम पंचायत पहल शुरू करने से पहले किशोरीनगर ग्राम पंचायत को कई संरचनात्मक और स्थानीय चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इनमें प्रमुख चुनौतियाँ थीं:

प्रतिबंधात्मक सामाजिक मान्यताएँ: गहरी जड़ें जमा चुकी पितृसत्तात्मक सोच और भेदभावपूर्ण सामाजिक मानदंडों के कारण महिलाओं की सार्वजनिक मंचों पर भागीदारी सीमित थी। कई महिलाएँ पुरुषों और पुरुष नेतृत्व की उपस्थिति में मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता और घरेलू सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों पर खुलकर बात करने में हिचकिचाती थीं।

- **स्वास्थ्य और शिक्षा में संचालन संबंधी चुनौतियाँ:** बिखरी हुई बस्तियों में गर्भवती महिलाओं और बच्चों की लगातार निगरानी के लिए काफी मैनुअल समन्वय की आवश्यकता होती थी। दूरस्थ और फैली हुई आबादी के कारण पूर्ण टीकाकरण, स्कूल में नामांकन और बच्चों की निरंतर उपस्थिति सुनिश्चित करना विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण था।
- **समन्वय की कमी:** विभिन्न विभागों के बीच सीमित समन्वय और विभागीय कर्मचारियों पर पंचायत का सीमित नियंत्रण होने के कारण सेवाओं का प्रभावी एकीकरण और निरंतर सेवा प्रदान करना कमजोर था।
- **भौगोलिक दूरस्थता:** अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में स्थित होने के कारण पंचायत को संपर्क और लॉजिस्टिक से जुड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, जिससे ऑनलाइन सरकारी सेवाओं तक पहुँच, स्वयं सहायता समूहों के लिए डिजिटल बैंकिंग, और चिकित्सा संसाधनों की नियमित आपूर्ति प्रभावित होती थी।

प्रमुख पहल

उपरोक्त चुनौतियों को दूर करने के लिए सरपंच श्रीमती रीता धाली और वार्ड सदस्यों के नेतृत्व में पंचायत ने समुदाय आधारित समेकित रणनीतियाँ अपनाईं:

- नियमित महिला सभाओं का आयोजन: महिलाओं को अपनी जरूरतों और समस्याओं को खुलकर व्यक्त करने के लिए नियमित रूप से महिला सभाएँ आयोजित की गईं। यहाँ उठाए

गए मुद्दों को बाद में ग्राम सभा की बैठकों में शामिल किया गया।

- घर-घर संपर्क अभियान: प्रधान और वार्ड सदस्यों ने स्कूल उपस्थिति रजिस्टर और मातृ-शिशु स्वास्थ्य रिकॉर्ड की नियमित समीक्षा कर कमियों की पहचान की। इसके आधार पर उन्होंने घर-घर जाकर विशेष अभियान चलाए ताकि स्कूल छोड़ चुकी लड़कियों का पुनः नामांकन हो सके और महिलाओं व लड़कियों की स्वास्थ्य शिविरों और टीकाकरण कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ाई जा सके।
- स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम: मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े मिथकों को दूर करने और सम्मानजनक जीवन को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी तरह ग्राम पंचायत को खुले में शौच से मुक्त (ODF) बनाने के लिए भी जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए।
- विभागीय समन्वय को मजबूत करना: स्वास्थ्य और शिक्षा विभागों के साथ सहयोग बढ़ाकर सेवाओं की बेहतर और समन्वित आपूर्ति सुनिश्चित की गई।
- स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना: राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के माध्यम से महिलाओं द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा दिया गया। ये समूह केवल वित्तीय समावेशन के मंच नहीं रहे, बल्कि सामुदायिक निगरानी और सामाजिक जवाबदेही के साधन भी बने। इन समूहों ने पंचायत के ODF दर्जे को बनाए रखने और स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की निगरानी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्राप्त परिणाम

पंचायत के केंद्रित और समावेशी प्रयासों से सामाजिक विकास के कई सकारात्मक परिणाम सामने आए:

- डेटा आधारित जवाबदेही: टीकाकरण रिकॉर्ड और स्कूल उपस्थिति रजिस्टर की नियमित समीक्षा से कमजोर और जोखिम वाले परिवारों की समय पर पहचान हुई और त्वरित सुधारात्मक कदम उठाए गए।
- मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार: नियमित स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन से पंचायत में सार्वभौमिक टीकाकरण सुनिश्चित हुआ और 100% संस्थागत प्रसव संभव हुए, जिसके परिणामस्वरूप मातृ और शिशु मृत्यु दर शून्य रही।
- स्कूलों में बच्चों की निरंतरता: स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की व्यवस्थित निगरानी और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की देखरेख से विशेष रूप से लड़कियों की स्कूल में उपस्थिति और निरंतरता सुनिश्चित हुई। इससे पंचायत क्षेत्र में बाल श्रम को प्रभावी रूप से समाप्त करने में मदद मिली।
- स्वच्छता और स्वच्छ व्यवहार में सुधार: स्वच्छता योजनाओं की योजना और क्रियान्वयन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से 100% शौचालय उपयोग सुनिश्चित हुआ, पंचायत को ODF दर्जा मिला और महिलाओं के लिए स्वच्छता एवं गरिमा में सुधार हुआ।
- सामुदायिक सशक्तिकरण: महिला सभाओं ने महिलाओं के लिए सुरक्षित मंच तैयार किया, जहाँ वे अपनी समस्याएँ खुलकर रख सकीं। इससे निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ी और समावेशी शासन को मजबूती मिली।

सरपंच के नेतृत्व के गुण

किशोरीनगर का महिला हितेषी आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में उभरना काफी हद तक श्रीमती रीता धाली के नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने निम्न गुणों का प्रदर्शन किया:

- लैंगिक समावेशी दृष्टिकोण
- सक्रिय और क्षेत्र-आधारित नेतृत्व
- विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करना

सरपंच की टिप्पणी

हर लड़की को स्कूल में बनाए रखना केवल शिक्षा का लक्ष्य नहीं है-यह गरिमा और अवसर में निवेश है, जो स्थायी सामाजिक परिवर्तन लाता है। जब शासन समावेशी और संवेदनशील होता है, तब एक पंचायत केवल प्रशासनिक संस्था नहीं रहती, बल्कि वास्तव में एक उत्तरदायी और महिला हितेषी संस्था बन जाती है।

डिजिटल प्रसार

(आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत के श्रेष्ठ प्रथाओं का वीडियो देखने के लिए स्कैन करें।)

खेतों से बाज़ार तक: जोरहाट ग्राम पंचायत में महिला उद्यमियों का सशक्तिकरण

ग्राम पंचायत: जोरहाट

राज्य: असम

जिला: जोरहाट

ब्लॉक: सेंट्रल जोरहाट

पंचायत की जनसंख्या: 8881

सरपंच का नाम:
श्रीमती रूमी चेतिया

चुनौतियाँ

ग्राम पंचायत में महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों में भाग लेने में कई बाधाओं का सामना करना पड़ता था। इनमें प्रमुख चुनौतियाँ थीं:

- आर्थिक अस्थिरता और पुरुष सदस्यों पर निर्भरता, जिससे महिलाओं की स्वायत्तता सीमित रहती थी।
- परिवहन और संचार ढाँचे की कमी के कारण बाजार तक पहुँच सीमित थी।
- गहरी जड़ें जमा चुकी पितृसत्तात्मक सोच, जो महिलाओं को आजीविका गतिविधियों में आगे बढ़ने से हतोत्साहित करती थी।
- स्वयं सहायता समूहों (SHGs) और क्लस्टर स्तरीय संघों (CLFs) के बीच कमजोर सहयोग, जिससे महिलाओं की पहल का विस्तार और स्थिरता प्रभावित होती थी।

मुख्य पहलें

- इन चुनौतियों से निपटने के लिए ग्राम पंचायत ने महिलाओं की आजीविका को मजबूत करने और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए कई लक्षित पहलें शुरू कीं।
- अपना खेत–अपना बाज़ार पहल: इस पहल के तहत महिलाओं को केवल उत्पादन तक सीमित न रहकर सीधे बाजार से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।इससे महिलाओं को पूरी मूल्य श्रृंखला (उत्पादन से लेकर बिक्री तक) पर स्वामित्व मिला, बिचौलियों पर निर्भरता कम हुई और उनकी आय में वृद्धि हुई।
- बाज़ार आधारित उत्पादन निर्णय : बाज़ार की मांग, कीमतों और संभावित खरीदारों को समझने के लिए विस्तृत बाज़ार सर्वेक्षण और विश्लेषण किए गए। महिलाओं को यह प्रशिक्षण दिया गया कि वे अपने उत्पादों का उत्पादन बाज़ार की मांग के अनुसार करें, जिससे बिक्री और लाभ की संभावनाएँ बढ़ सकें।
- असम राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (ASRLM) के माध्यम से क्षमता विकास : पंचायत ने ASRLM के साथ सहयोग स्थापित किया, जिसके माध्यम से महिलाओं को निम्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया गया जैसे उत्पादन तकनीक, गुणवत्ता नियंत्रण, व्यवसाय प्रबंधन और वित्तीय साक्षरता इससे महिलाओं की कौशल क्षमता बढ़ी और उनमें आत्मविश्वास भी विकसित हुआ।
- बुनियादी ढाँचे में सुधार : CSC अनुदानों के माध्यम से परिवहन और संचार ढाँचे में सुधार किया गया, जैसे बेहतर सड़कें, गोदाम और भंडारण सुविधाएँ और मोबाइल और संचार सुविधाओं की उपलब्धता इन सुधारों से महिलाओं को उत्पादों का परिवहन करने, बाजार की जानकारी प्राप्त करने और खरीदारों से संपर्क बनाए रखने में सुविधा हुई।
- स्वयं सहायता समूहों और बैंकों से जुड़ाव मजबूत करना : ग्राम पंचायत ने SHGs के बीच सहयोग को मजबूत किया और उन्हें बैंकों से जोड़ने में सहायता की। इससे महिलाओं को ऋण प्राप्त करने, निवेश की योजना बनाने और अपने उद्यमों का

विस्तार करने में मदद मिली।

- मार्गदर्शन और सहयोग : महिला उद्यमियों को पंचायत और स्थानीय मार्गदर्शकों से निरंतर सलाह और सहयोग मिला, जिससे वे चुनौतियों का समाधान कर सकें और नेतृत्व कौशल विकसित कर सकें।

परिणाम

इन पहलों के परिणामस्वरूप महिलाओं और पूरे समुदाय पर महत्वपूर्ण और सकारात्मक प्रभाव दिखाई दिए।

- आर्थिक सशक्तिकरण और वित्तीय स्वतंत्रता : कई महिलाओं ने "अपना खेत–अपना बाज़ार" पहल के माध्यम से अपने उद्यम स्थापित किए। उदाहरण के तौर पर मिनिमा बोर्पात्रा ने "मिनिमा प्रोडक्शन" नाम से एक सफल उद्यम स्थापित किया। उत्पादन से लेकर बाजार तक की प्रक्रिया पर नियंत्रण होने से महिलाओं की आय स्थिर हुई और आर्थिक स्वतंत्रता बढ़ी।
- बाजार तक बेहतर पहुँच : बाज़ार आधारित उत्पादन और बेहतर परिवहन तथा संचार ढाँचे के कारण महिलाओं को स्थानीय और क्षेत्रीय बाजारों तक पहुँच मिली। इससे वे अपनी ग्राहक संख्या बढ़ाने और आपूर्ति श्रृंखलाओं से जुड़ने में सफल रहीं।
- कौशल विकास और आत्मविश्वास में वृद्धि : ASRLM के प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने महिलाओं की व्यावसायिक कौशल, समस्या समाधान क्षमता और नेतृत्व गुणों को मजबूत किया।
- सामूहिक सहयोग और वित्तीय समर्थन : SHGs और बैंक से जुड़ाव मजबूत होने से महिलाओं को ऋण और सामूहिक सौदेबाजी की शक्ति मिली, जिससे वे उत्पादन बढ़ाने और अपने उद्यमों का विस्तार करने में सक्षम हुईं।
- सामुदायिक परिवर्तन और नेतृत्व का विकास : मार्गदर्शन और सहयोग के माध्यम से महिलाओं ने चुनौतियों का सामना करना सीखा और कई महिलाएँ नेतृत्व की भूमिका में आगे आईं। इससे पंचायत में एक नई संस्कृति विकसित हुई, जहाँ अधिक महिलाएँ उद्यमिता की ओर प्रेरित हुईं।
- रोजगार के अवसरों का सृजन : महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों के विस्तार से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा हुए, जिससे पूरे समुदाय की आजीविका मजबूत हुई।

सरपंच का नेतृत्व

सरपंच रूमी चेतिया ने दूरदर्शी और संवेदनशील नेतृत्व का परिचय दिया है।

उन्होंने महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को सीमित करने वाली संरचनात्मक बाधाओं को सक्रिय रूप से संबोधित किया। स्वयं सहायता समूहों को मजबूत करना, बैंक से जुड़ाव बढ़ाना और बाजार से जुड़ा बुनियादी ढाँचा विकसित करना उनके व्यावहारिक और प्रतिबद्ध नेतृत्व को दर्शाता है।

सरपंच की दृष्टि

मजबूत स्वयं सहायता समूह नेटवर्क, बैंकिंग सहयोग, कौशल विकास और बाजार से जुड़ा बुनियादी ढाँचा-ये सभी मिलकर महिलाओं की आर्थिक क्षमता को उजागर करते हैं। जब महिलाओं को ये अवसर मिलते हैं, तो वे आत्मविश्वास प्राप्त करती हैं, नेतृत्व विकसित करती हैं और स्थायी आजीविका बनाकर पूरे समुदाय में परिवर्तन लाती हैं।

डिजिटल प्रसार

(आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत के श्रेष्ठ प्रथाओं का वीडियो देखने के लिए स्कैन करें।)

लड़कियों की शिक्षा और स्वतंत्रता के माध्यम से सपनों का निर्माण

नोनगढ़ ग्राम पंचायत, राज्य: बिहार

लैंगिक आधारित हिंसा और हानिकारक प्रथाओं का समाधान

ग्राम पंचायत का नाम: नोनगढ़

जिला: लखीसराय

ब्लॉक: रामगढ़ चौक

ग्राम पंचायत की जनसंख्या: 11,977

मुखिया का नाम:
श्रीमती जुली देवी

चुनौतियाँ

ग्राम पंचायत को लड़कियों और युवा महिलाओं के अधिकारों तथा उनके कल्याण की सुरक्षा सुनिश्चित करने में कई गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

- बाल विवाह की उच्च दर: क्षेत्र में बाल विवाह की घटनाएँ काफी अधिक थीं। परिवारों को समझाकर बाल विवाह रोकने के प्रयास अक्सर कठिनाइयों से भरे होते थे।
- सुरक्षा संबंधी चिंताएँ: सुरक्षा को लेकर चिंताओं के कारण कई अभिभावक अपनी बेटियों को स्कूल भेजने में हिचकिचाते थे, जिससे उनकी शिक्षा के अवसर सीमित हो जाते थे।
- गहरी जड़ें जमा चुकी सामाजिक मान्यताएँ: पारंपरिक सोच और सामाजिक मानदंडों के कारण लड़कियों को खेलकूद और बाहरी गतिविधियों में भाग लेने से हतोत्साहित किया जाता था, जिससे उनका आत्मविश्वास और समग्र विकास प्रभावित होता था।

प्रमुख पहल

इन चुनौतियों से निपटने के लिए ग्राम पंचायत ने श्रीमती जुली देवी के नेतृत्व में समुदाय आधारित लक्षित पहलें शुरू कीं:

- बाल विवाह रोकथाम अभियान: घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाए गए, अभिभावकों को परामर्श दिया गया, शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित किया गया और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से जागरूकता फैलाकर बाल विवाह रोकने का प्रयास किया गया।
- लड़कियों की शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा: इसके तहत स्कूल जाने के लिए समूह में यात्रा की व्यवस्था, उपस्थिति की नियमित निगरानी और स्थानीय सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने जैसे कदम उठाए गए, ताकि लड़कियाँ नियमित रूप से स्कूल जा सकें।
- खेल और सशक्तिकरण कार्यक्रम: पंचायत ने खेल के मैदान विकसित किए, प्रतियोगिताओं का आयोजन किया और योग जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दिया, जिससे लड़कियों में आत्मविश्वास, टीमवर्क और शारीरिक विकास को प्रोत्साहन मिला।

परिणाम

इन निरंतर प्रयासों से महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी परिणाम सामने आए:

- बाल विवाह का उन्मूलन: पंचायत ने बाल विवाह की प्रथा को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया, जिससे लड़कियों की सुरक्षा और अधिकार सुनिश्चित हुए।
- शिक्षा में बढ़ती भागीदारी: अब लड़कियाँ नियमित रूप से स्कूल

जाती हैं और कई उच्च शिक्षा भी प्राप्त कर रही हैं। यह समुदाय में लड़कियों की शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच का संकेत है।

- आत्मविश्वास और अवसरों में वृद्धि: लड़कियाँ अब खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने लगी हैं, और कई ने जिला तथा राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं तक पहुँचकर अपनी प्रतिभा, दृढ़ता और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया है।

मुखिया के नेतृत्व के गुण

श्रीमती जुली देवी एक सहानुभूतिपूर्ण, समावेशी और दूरदर्शी नेता हैं। वे महिलाओं को सशक्त बनाने, शिक्षा को बढ़ावा देने, पारदर्शिता को मजबूत करने और सामाजिक परिवर्तन के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। उनके प्रयासों से समुदाय में विश्वास और स्थायी परिवर्तन की मजबूत नींव बनी है।

मुखिया की सलाह

मेरा दृढ़ विश्वास है कि महिलाओं और लड़कियों को जीवन के हर क्षेत्र में समान अधिकार और अवसर मिलना चाहिए। हमारे पंचायत की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब बेटियों और बेटों को समान दृष्टि से देखा जाए। आज लड़कियों को सशक्त बनाना, कल एक मजबूत और अधिक समानतापूर्ण समाज की नींव रखेगा।

डिजिटल प्रसार

(आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत के श्रेष्ठ प्रथाओं का वीडियो देखने के लिए स्कैन करें।)

डिजिटल शासन के माध्यम से ग्रामीण परिवर्तन को गति

मोरैया ग्राम पंचायत, राज्य: गुजरात समेकित शासन का मॉडल

ग्राम पंचायत का नाम: मोरैया

जिला: अहमदाबाद

ब्लॉक: मोरैया

ग्राम पंचायत की जनसंख्या: 6,783

सरपंच / ग्राम पंचायत अध्यक्ष का नाम:
श्रीमती जयंश्री बेन बिकाभाई दयमा

चुनौतियाँ

ग्राम पंचायत को विकास और शासन से जुड़ी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। इनमें प्रमुख चुनौतियाँ थीं:

- सरकारी योजनाओं और डिजिटल सेवाओं के प्रति सीमित जागरूकता: विशेष रूप से महिलाओं में इन सेवाओं की जानकारी कम होने के कारण वे कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाती थीं और सामाजिक असुरक्षाएँ बनी रहती थीं।
- कम राजस्व संग्रह: कर भुगतान की मैनुअल व्यवस्था समय लेने वाली, कम पारदर्शी और नागरिकों के लिए असुविधाजनक थी, जिसके कारण कर संग्रह कम हो रहा था।
- महिलाओं में स्वास्थ्य सेवाएँ लेने की कम प्रवृत्ति: इसके परिणामस्वरूप मातृ स्वास्थ्य सेवाओं का पर्याप्त उपयोग नहीं हो रहा था और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच भी सीमित थी।
- महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ी गंभीर चिंताएँ: सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त स्ट्रीट लाइटिंग और बुनियादी ढाँचे की कमी के कारण महिलाओं की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण समस्या थी।
- इन सभी चुनौतियों ने मिलकर समावेशी विकास और प्रभावी स्थानीय शासन में बाधा उत्पन्न की।

प्रमुख पहल

सरपंच श्रीमती जयंश्री बेन बिकाभाई दयमा के दूरदर्शी नेतृत्व में ग्राम पंचायत ने कई लक्षित और रणनीतिक पहलें लागू कीं:

- शासन और राजस्व व्यवस्था को मजबूत करना : कम राजस्व संग्रह और पारदर्शिता की समस्या को दूर करने के लिए ग्राम पंचायत ने ऑनलाइन कर भुगतान पोर्टल विकसित कर उसे लागू किया। इससे नागरिक अब आसानी और समय पर कर भुगतान कर सकते हैं। साथ ही डिजिटल सेवाओं का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल जागरूकता भी बढ़ाई गई।
- महिलाओं का सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन : महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए पंचायत ने महिला स्वयं सहायता समूहों के गठन को बढ़ावा दिया। छोटे उद्यमों और घर आधारित आजीविका गतिविधियों के लिए सहयोग प्रदान किया गया तथा महिलाओं और युवाओं के लिए डिजिटल साक्षरता और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार : महिलाओं में स्वास्थ्य सेवाओं के उपयोग को बढ़ाने के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के लिए। मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए गर्भावस्था की प्रारंभिक पंजीकरण प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया गया तथा पोषण, स्वच्छता और निवारक स्वास्थ्य देखभाल पर

जागरूकता अभियान चलाए गए।

- सुरक्षा को सुदृढ़ करना : सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगाई गईं और संकट की स्थिति में महिलाओं की सहायता के लिए समुदाय आधारित आपात सहायता तंत्र स्थापित किए गए।

प्राप्त परिणाम

ग्राम पंचायत द्वारा किए गए इन प्रयासों से कई महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी परिणाम प्राप्त हुए:

- शासन में पारदर्शिता और दक्षता में वृद्धि, डिजिटल कर भुगतान प्रणाली के कारण।
- राजस्व संग्रह में वृद्धि, क्योंकि अब नागरिक आसानी और समय पर कर भुगतान कर पा रहे हैं।
- स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार, विशेष रूप से मातृ स्वास्थ्य सेवाओं के उपयोग में वृद्धि।
- महिलाओं की सुरक्षा और आवाजाही में सुधार, बेहतर स्ट्रीट लाइटिंग और सामुदायिक सहायता तंत्र के कारण।
- सामुदायिक भागीदारी में वृद्धि, विशेष रूप से स्थानीय विकास प्रक्रियाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी।

समग्र रूप से, यह ग्राम पंचायत अब एक अधिक उत्तरदायी, समावेशी और जवाबदेह स्थानीय शासन संस्था के रूप में विकसित हुई है।

ग्राम पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व के गुण

इन उपलब्धियों के पीछे श्रीमती जयंश्री बेन बिकाभाई दयमा का मजबूत नेतृत्व और दूरदर्शी सोच प्रमुख रही है। उनके नेतृत्व की मुख्य विशेषताएँ हैं:

- महिलाओं के सशक्तिकरण और समावेशी शासन के प्रति प्रतिबद्धता
- पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासनिक कार्यप्रणाली
- सहभागी निर्णय-निर्माण को बढ़ावा देना
- समुदाय की आवश्यकताओं के प्रति सक्रिय जुड़ाव
- सतत और तकनीक आधारित विकास पर ध्यान

ग्राम पंचायत अध्यक्ष की सलाह

सरपंच अन्य स्थानीय नेताओं को निम्न सुझाव देती हैं:

- शासन और निर्णय-निर्माण में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करें।
- पारदर्शिता और बेहतर सेवा वितरण के लिए डिजिटल प्रणालियों को अपनाएँ।
- शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता और कौशल विकास को प्राथमिकता दें।
- महिलाओं में आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दें।
- उत्तरदायी शासन सुनिश्चित करने के लिए समुदाय के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें।

डिजिटल प्रसार
(आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत के श्रेष्ठ प्रथाओं का वीडियो देखने के लिए स्कैन करें।)

शी हाट' के माध्यम से महिला-नेतृत्वित उद्यमिता द्वारा परिवर्तन

बाग पशोग ग्राम पंचायत, राज्य: हिमाचल प्रदेश आर्थिक सशक्तिकरण

ग्राम पंचायत का नाम: बैग पशोग

जिला: पच्छाद

ब्लॉक: सिरमौर

ग्राम पंचायत की जनसंख्या: 1,966

सरपंच का नाम:
राजेश्वरी शर्मा

चुनौतियाँ

ग्राम पंचायत की महिलाओं को गहरे जड़ जमाए हुए संरचनात्मक और सामाजिक-सांस्कृतिक अवरोधों का सामना करना पड़ रहा था, जो उनकी उद्यमिता क्षमता और नेतृत्व में भागीदारी को सीमित करते थे। इसके परिणामस्वरूप अधिकांश महिलाएँ आर्थिक रूप से आश्रित बनी हुई थीं।

हालाँकि वे घरेलू कार्यों और कृषि श्रम में महत्वपूर्ण योगदान देती थीं, फिर भी बहुत कम महिलाओं को औपचारिक रोजगार, उद्यमिता के अवसर या बाज़ार से जुड़ी गतिविधियों तक पहुँच मिल पाती थी। प्रमुख चुनौतियाँ थीं:

- कम आत्मविश्वास और नेतृत्व के सीमित अवसर, जिसके कारण शासन और आर्थिक निर्णय-निर्माण में उनकी भागीदारी बहुत कम थी।
- सामाजिक मानदंडों के कारण महिलाओं की आवाजाही और व्यावसायिक गतिविधियों में भागीदारी पर प्रतिबंध।
- कौशल विकास और बाज़ारों तक सीमित पहुँच।
- महिला-नेतृत्वित उद्यमों के लिए संस्थागत समर्थन और ऋण सुविधाओं का अभाव।
- ग्राम पंचायत के भीतर सुरक्षित और सहयोगी कार्यस्थलों की कमी।

प्रमुख पहल

श्रीमती राजेश्वरी शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में ग्राम पंचायत ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की रणनीति अपनाई, जिसमें उद्यमिता को महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रमुख माध्यम बनाया गया।

इसके लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर 'शी हाट परियोजना' को मजबूत किया गया। यह एक महिला-नेतृत्वित पहल है जिसमें ग्रामीण हाट / बाज़ार संचालित किए जाते हैं।

संगठित प्रयासों के माध्यम से शी हाट सुविधा परियोजना को एक टिकाऊ महिला-नेतृत्वित व्यावसायिक तंत्र में बदल दिया गया। यह केवल सड़क किनारे की सुविधा न रहकर एक सुव्यवस्थित उद्यमिता मंच बन गया, जिसका संचालन महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा किया जाता है।

इस पहल के प्रमुख घटक थे:

- स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित करने वाली महिलाओं द्वारा संचालित खुदरा दुकानें।
- सामुदायिक रसोई, जो प्रतिदिन आय का स्रोत बनती हैं।
- महिला उद्यमियों द्वारा संचालित और प्रबंधित अतिथि गृह (गेस्ट हाउस) सुविधाएँ।

- पर्यटन की मांग के अनुरूप बाज़ार उन्मुख उत्पादन।

इस पहल का संचालन स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा किया गया, जिन्हें व्यवसाय प्रबंधन और वित्तीय साक्षरता का प्रशिक्षण दिया गया था।

इसके कार्यान्वयन में नाबार्ड (NABARD), मनरेगा (MGNREGA), स्वच्छ भारत मिशन (SBM) और पर्यटन विभाग के साथ समन्वय स्थापित किया गया, जिससे वित्तीय, तकनीकी और संस्थागत सहयोग सुनिश्चित हुआ।

परिणाम

महिलाओं पर केंद्रित इस उद्यमिता मॉडल से महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी परिणाम प्राप्त हुए। महिलाएँ केवल लाभार्थी नहीं रहीं, बल्कि प्रबंधक और आय सृजनकर्ता बनकर उभरीं।

- शी हाट की कुल बिक्री 1.3 करोड़ रुपये तक पहुँची, जो महिलाओं द्वारा संचालित ग्रामीण उद्यमों की आर्थिक व्यवहार्यता को दर्शाती है।
- महिला उद्यमियों को दुकानों, सामुदायिक रसोई और अतिथि गृह संचालन के माध्यम से स्थायी आय प्राप्त होने लगी।
- आर्थिक आत्मनिर्भरता में वृद्धि, पुरुष परिवार सदस्यों पर निर्भरता में कमी और घरेलू निर्णय-निर्माण में महिलाओं की भूमिका में बढ़ोतरी।
- शासन मंचों में महिलाओं की अधिक भागीदारी, जो उनके बढ़ते आत्मविश्वास और सार्वजनिक उपस्थिति को दर्शाती है।

ग्राम पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व के गुण

श्रीमती राजेश्वरी शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व ने ग्राम पंचायत को एक महिला हितेषी और समावेशी शासन मॉडल में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व की प्रमुख विशेषताएँ हैं:

- महिलाओं के सशक्तिकरण और समावेशी विकास के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता।
- स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देना और उन्हें मजबूत बनाना।
- अधिकतम प्रभाव के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं के समन्वय को सुनिश्चित करना।
- महिला उद्यमिता को समर्थन देना और टिकाऊ आजीविका तंत्र विकसित करना।
- शासन में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करना।

उनके नेतृत्व ने एक आदर्श महिला-हितेषी ग्राम पंचायत के संस्थागत निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है।

ग्राम पंचायत अध्यक्ष के विचार

प्रधान श्रीमती राजेश्वरी शर्मा अन्य स्थानीय नेताओं को निम्न सुझाव देती हैं:

- महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों, कौशल विकास कार्यक्रमों, शासन और आय सृजन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
- समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए लचीले कार्य समय और परिवार-अनुकूल कार्य वातावरण को बढ़ावा देना आवश्यक है।
- टिकाऊ ग्रामीण विकास के लिए सरकारी योजनाओं का समन्वय और सामुदायिक भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

डिजिटल प्रसार

(आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत के श्रेष्ठ प्रथाओं का वीडियो देखने के लिए स्कैन करें।)

शिक्षा, सशक्तिकरण और उन्नति: एक ग्राम पंचायत की परिवर्तन यात्रा

सिलवे ग्राम पंचायत, राज्य: झारखंड शिक्षा और कौशल विकास

ग्राम पंचायत का नाम: सिलवे

जिला: रांची

ब्लॉक: नामकुम

ग्राम पंचायत की जनसंख्या: 7,695

सरपंच का नाम:
श्रीमती नूतन पाहन

चुनौतियाँ

महिला-हितेषी ग्राम पंचायत पहल शुरू करने से पहले सिलवे ग्राम पंचायत की महिलाओं और लड़कियों को तीन प्रमुख बाधाओं का सामना करना पड़ रहा था। ये सभी चुनौतियाँ शिक्षा और अवसरों की कमी से गहराई से जुड़ी हुई थीं।

- लड़कियों में स्कूल छोड़ने की उच्च दर: स्कूलों में अपर्याप्त बुनियादी ढाँचा, आवश्यक सुविधाओं की कमी और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण कई लड़कियाँ बीच में ही पढ़ाई छोड़ देती थीं, जिससे उनकी आगे की शिक्षा और भविष्य के अवसर सीमित हो जाते थे।
- आर्थिक आत्मनिर्भरता की कमी: कौशल विकास और स्थायी आजीविका के अवसरों तक सीमित पहुँच के कारण महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं बन पा रही थीं और अपनी तथा अपने बच्चों की शिक्षा में निवेश करना कठिन था।
- स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा में कमी: मातृ स्वास्थ्य सेवाओं, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे वृद्धावस्था पेंशन-तक सीमित पहुँच के कारण महिलाओं, बच्चों और अन्य कमजोर वर्गों के स्वास्थ्य और कल्याण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था।

प्रमुख पहल

ग्राम पंचायत ने महिलाओं के सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास को मजबूत करने के लिए बहु-क्षेत्रीय और शिक्षा-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया। यह पहल सरपंच श्रीमती नूतन पाहन के नेतृत्व में लागू की गई।

शिक्षा और सुरक्षा

- सात स्कूलों में बुनियादी ढाँचे का उन्नयन किया गया, जिसमें चारदीवारी का निर्माण, बेहतर पेयजल और शौचालय सुविधाएँ शामिल थीं, ताकि सुरक्षित और अनुकूल शिक्षण वातावरण तैयार किया जा सके।
- स्कूल प्रबंधन समितियों ने नियमित नामांकन अभियान चलाए और मिड-डे मील कार्यक्रम की निगरानी की, जिससे उपस्थिति बढ़ी और स्कूल छोड़ने की दर कम हुई।
- महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा और आवाजाही बढ़ाने के लिए 40 से अधिक सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापित की गईं तथा सार्वजनिक स्थानों की सामुदायिक निगरानी शुरू की गई, जिससे स्कूलों और सामुदायिक संस्थानों तक सुरक्षित पहुँच सुनिश्चित हुई।

आजीविका संवर्धन

- स्वयं सहायता समूह (SHG) की महिलाओं को जूट उत्पाद, बाँस शिल्प, सोहराय पेंटिंग, सिलाई और अन्य कौशलों में प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण उषा मार्टिन फाउंडेशन (CSR समर्थन) के सहयोग से आयोजित किया गया। इसके माध्यम से महिलाओं को छोटे व्यवसाय स्थापित करने या फैक्टरियों में रोजगार प्राप्त करने में सहायता मिली।
- कृषि और पशुपालन से जुड़ी पहलें शुरू की गईं, जिनमें मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अंतर्गत गाय वितरण, बकरी पालन, बतख पालन और पोल्ट्री फार्मिंग को बढ़ावा देना शामिल था।
- महिलाओं को सरकार की सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के अंतर्गत राशन दुकानें स्थापित करने में सहायता प्रदान की गई।

स्वास्थ्य, पोषण और सामाजिक सुरक्षा

- गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण में एएनसी पंजीकरण, नियमित स्वास्थ्य जांच, संस्थागत प्रसव और पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित किया गया।
- गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण सहायता प्रदान की गई, जिससे मातृ और शिशु स्वास्थ्य में सुधार हुआ।
- बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं, जिनमें मोतियाबिंद ऑपरेशन जैसी चिकित्सा सुविधाएँ शामिल थीं।
- वृद्धावस्था पेंशन और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुँच को सरल बनाया गया, जिससे परिवारों की स्थिरता बढ़ी और बच्चों की शिक्षा जारी रखने में सहायता मिली।

प्राप्त परिणाम

ग्राम पंचायत की निरंतर और शिक्षा-केंद्रित पहल से महत्वपूर्ण और स्थायी परिणाम प्राप्त हुए:

- शिक्षा में सुधार: बेहतर बुनियादी ढाँचे और सक्रिय स्कूल प्रबंधन समितियों के कारण लड़कियों में स्कूल छोड़ने की दर में उल्लेखनीय कमी आई और उनकी शिक्षा निरंतर बनी रही।
- सुरक्षित शिक्षण वातावरण: सोलर स्ट्रीट लाइट और सामुदायिक निगरानी से सुरक्षा और आवाजाही में सुधार हुआ, जिससे लड़कियों की स्कूल उपस्थिति और महिलाओं की सार्वजनिक जीवन में भागीदारी बढ़ी।
- आर्थिक सशक्तिकरण: कौशल प्रशिक्षण, उद्यमिता, पशुपालन गतिविधियों और फैक्टरी रोजगार के माध्यम से महिलाओं की आय बढ़ी, जिससे वे अपने परिवार की शिक्षा और समग्र कल्याण में निवेश कर सकीं।
- मातृ और शिशु स्वास्थ्य में सुधार: समय पर स्वास्थ्य पंजीकरण, संस्थागत प्रसव और पोषण कार्यक्रमों ने स्वस्थ माताओं और बच्चों को सुनिश्चित किया।

सरपंच के नेतृत्व के गुण

श्रीमती नूतन पाहन का नेतृत्व दृढ़ संकल्प, दूरदर्शिता और संवेदनशीलता को दर्शाता है।

- शिक्षा से प्रेरित व्यक्तिगत यात्रा: मैट्रिक के बाद कम उम्र में विवाह होने के बावजूद उन्होंने तीन बच्चों की परवरिश करते हुए अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी की—जो निरंतर शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति को दर्शाता है।
- महिलाओं के विकास के प्रति प्रतिबद्धता: उन्होंने लड़कियों की शिक्षा, महिलाओं के रोजगार और दीर्घकालिक सशक्तिकरण को विकास के प्रमुख स्तंभ के रूप में प्राथमिकता दी।
- रणनीतिक साझेदारियाँ: उन्होंने विभिन्न संस्थानों के बीच समन्वय को बढ़ावा दिया और उषा मार्टिन फाउंडेशन जैसे कॉर्पोरेट साझेदारों के साथ सहयोग स्थापित कर टिकाऊ आजीविका के अवसर पैदा किए।
- सहभागी नेतृत्व: क्षमता निर्माण कार्यक्रमों और ग्रामीण महिलाओं के साथ निकट संवाद के माध्यम से उन्होंने स्थानीय शासन में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित किया।

सरपंच की टिप्पणियाँ

श्रीमती नूतन पाहन अन्य महिला नेताओं को निम्न सलाह देती हैं:

- लोगों की आवश्यकताओं पर आधारित विकास को प्राथमिकता दें और विशेष रूप से लड़कियों तथा महिलाओं की शिक्षा में निवेश करें।
- महिलाओं को स्थायी आजीविका के अवसरों से जोड़ें ताकि उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता सुनिश्चित हो सके।
- यह समझें कि महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण पूरे समुदाय के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा को मजबूत बनाता है।
- महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के लिए निवारक उपायों को बढ़ावा दें, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ शिक्षा प्राप्त कर सकें और सामुदायिक जीवन में सक्रिय रूप से भाग ले सकें।

डिजिटल प्रसार

(आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत के श्रेष्ठ प्रथाओं का वीडियो देखने के लिए स्कैन करें।)

हल्लिखेड़ा का समेकित मॉडल

शासन, आधारभूत संरचना और अवसरों के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण

हल्लिखेड़ा ग्राम पंचायत, राज्य: कर्नाटक समेकित शासन का मॉडल

ग्राम पंचायत का नाम: हल्लिखेड़ा ग्राम पंचायत

जिला: बीदर, कर्नाटक

ब्लॉक: हुमनाबाद

ग्राम पंचायत की जनसंख्या: 10,484

सरपंच / ग्राम पंचायत अध्यक्ष का नाम:
शिवकुमार पाटिल

चुनौतियाँ

- शासन में महिलाओं की सीमित भागीदारी: ग्राम सभा बैठकों में महिलाओं की उपस्थिति कम थी और उनके पास अपनी आवश्यकताओं तथा चिंताओं को व्यक्त करने या पंचायत स्तर के निर्णय-निर्माण को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त मंच नहीं था।
- कमज़ोर शिकायत निवारण व्यवस्था: समुदाय के सदस्यों, विशेषकर महिलाओं के लिए समस्याओं को दर्ज कराने और समाधान पाने के प्रभावी तथा सुलभ तंत्र का अभाव था।
- महिलाओं के लिए सीमित आर्थिक अवसर: महिलाओं के पास आजीविका के बहुत कम विकल्प थे और वित्तीय संसाधनों तक उनकी पहुँच भी सीमित थी।
- आधारभूत संरचना की कमी: ग्राम पंचायत में महिलाओं और लड़कियों के लिए सुरक्षित सामुदायिक स्थान, बाल देखभाल सुविधाएँ, सार्वजनिक शौचालय और डिजिटल साक्षरता से जुड़ी सुविधाओं का अभाव था।

प्रमुख पहल

सरपंच शिवकुमार पाटिल ने महिलाओं को सशक्त बनाने और हल्लिखेड़ा को एक आदर्श महिला हितेषी ग्राम पंचायत के रूप में विकसित करने के लिए समेकित दृष्टिकोण अपनाया।

- शासन में महिलाओं की आवाज़ को मजबूत करना: इसके लिए नियमित महिला सभाओं का संस्थागत आयोजन सुनिश्चित किया गया, जिससे निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ी।
- शिकायत निवारण तंत्र की स्थापना: समुदाय के सदस्यों, विशेषकर महिलाओं को अपनी समस्याएँ और आवश्यकताएँ प्रस्तुत करने के लिए "वॉइस बॉक्स" नामक शिकायत निवारण प्रणाली शुरू की गई।
- सामाजिक आधारभूत संरचना में निवेश: पंचायत ने महिला हितेषी सुविधाओं में निवेश किया, जिनमें शामिल हैं-
  - डिजिटल पुस्तकालय (अरिवु केंद्र), जो डिजिटल साक्षरता और सूचना तक पहुँच को बढ़ावा देते हैं।
  - क्रेच (कुसिना मने), जो कामकाजी महिलाओं को बाल देखभाल सहायता प्रदान करते हैं।
  - सामुदायिक शौचालय, जो स्वच्छता, सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करते हैं।
- आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा: संजिवनी पहल के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों (SHGs) को संगठित किया गया, जिससे बचत, वित्तीय समावेशन और आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा मिला।
- संस्थागत समन्वय: विभिन्न विभागों के कर्मचारियों और जिला प्रशासन के साथ सहयोग स्थापित किया गया, ताकि संबंधित योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

प्राप्त परिणाम

- शासन में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि: नियमित महिला सभाओं के आयोजन से महिलाएँ ग्राम सभा की चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने लगीं और प्रशासनिक निर्णयों में योगदान देने लगीं।
- आर्थिक भागीदारी में वृद्धि: स्वयं सहायता समूहों और वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों को मजबूत करने से महिलाओं की आय-सृजन गतिविधियों तक पहुँच बढ़ी।
- डिजिटल पहुँच में सुधार: डिजिटल पुस्तकालयों ने महिलाओं और लड़कियों में डिजिटल साक्षरता और रोजगार-योग्यता को बढ़ाया।
- देखभाल से जुड़ी बाधाओं में कमी: क्रेच सुविधाओं ने महिलाओं को आजीविका गतिविधियों और सामुदायिक नेतृत्व भूमिकाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम बनाया।
- सरकारी योजनाओं तक बेहतर पहुँच: विभिन्न विभागों के साथ सहयोग से समुदाय के लोगों को सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी और लाभ प्राप्त करने में सुविधा हुई।

सरपंच के नेतृत्व के गुण

सरपंच ने विभिन्न हितधारकों को साथ जोड़कर समन्वित कार्यप्रणाली अपनाई, जो उनकी दूरदर्शी सोच को दर्शाती है। उनकी नवाचारपूर्ण रणनीतियाँ सामाजिक आधारभूत संरचना में निवेश को महिलाओं के सशक्तिकरण और आर्थिक भागीदारी से जोड़ती हैं, साथ ही कार्यक्रमों की रूपरेखा में लैंगिक दृष्टिकोण को प्रभावी ढंग से शामिल करती हैं।

सरपंच की टिप्पणी

पुस्तकालय, क्रेच और सुरक्षित सार्वजनिक स्थानों जैसी सामाजिक आधारभूत संरचना में निवेश केवल आवश्यक सेवाएँ प्रदान नहीं करता, बल्कि संरचनात्मक बाधाओं को भी दूर करता है। इससे महिलाएँ शासन और आर्थिक गतिविधियों में पूर्ण रूप से भाग ले पाती हैं और पूरे समुदाय की सामाजिक तथा आर्थिक संरचना मजबूत होती है।

डिजिटल प्रसार

(आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत के श्रेष्ठ प्रथाओं का वीडियो देखने के लिए स्कैन करें।)

समानता के लिए बजट: लैंगिक-उत्तरदायी योजना के माध्यम से

महिला-हितेषी शासन को आगे बढ़ाना

एडवन्ना ग्राम पंचायत, राज्य: केरल

ग्राम पंचायत का नाम: एडवन्ना

जिला: मलप्पुरम

ब्लॉक: एरियाकोड

ग्राम पंचायत की जनसंख्या: 26,432

सरपंच / ग्राम पंचायत अध्यक्ष का नाम:
सुनीरा समद

चुनौतियाँ

ग्राम पंचायत की महिलाओं को कई सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक बाधाओं का सामना करना पड़ रहा था, जिससे उनकी भागीदारी, स्वायत्तता और स्वतंत्रता सीमित हो रही थी।

- प्रतिबंधात्मक लैंगिक मानदंड और सामाजिक अपेक्षाएँ: गहरी जड़ें जमाए पितृसत्तात्मक मानदंडों के कारण महिलाओं की ग्राम सभा बैठकों, सामुदायिक निर्णय-निर्माण प्रक्रियाओं और स्थानीय शासन मंचों में भागीदारी सीमित थी, जिससे विकास प्राथमिकताओं को तय करने में उनकी आवाज़ कमजोर हो जाती थी।
- आर्थिक निर्भरता और सीमित आजीविका अवसर: आय सृजन के अवसरों तक सीमित पहुँच के कारण महिलाएँ आर्थिक रूप से पुरुष परिवार सदस्यों पर निर्भर रहती थीं, जिससे उनकी निर्णय-निर्माण क्षमता और आर्थिक स्वायत्तता प्रभावित होती थी।
- अधिकारों और योजनाओं के प्रति सीमित जागरूकता: अनेक महिलाओं को अपने कानूनी अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं और संस्थागत तंत्रों की पर्याप्त जानकारी नहीं थी, जिसके कारण वे सामाजिक सुरक्षा और विकास से जुड़े लाभों तक पूरी तरह नहीं पहुँच पाती थीं।

इन सभी चुनौतियों ने मिलकर महिलाओं की नेतृत्व क्षमता, स्वायत्तता और स्थानीय शासन में सार्थक भागीदारी को कमजोर किया, जिससे ग्राम पंचायत स्तर पर विकास प्रक्रियाओं की समावेशिता और उत्तरदायित्व प्रभावित होता था।

प्रमुख पहल

ग्राम पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीरा समद के दूरदर्शी नेतृत्व में पंचायत ने कई लैंगिक-उत्तरदायी शासन पहलें लागू कीं, जिनका उद्देश्य पंचायत को एक आदर्श महिला हितेषी ग्राम पंचायत में रूपांतरित करना था।

लैंगिक-उत्तरदायी योजना और बजट व्यवस्था : पंचायत ने अपनी योजना और बजट प्रक्रियाओं में लैंगिक दृष्टिकोण को संस्थागत रूप दिया। विकास निधियों को महिलाओं की आवश्यकताओं जैसे सुरक्षा, आवाजाही, स्वास्थ्य और सार्वजनिक सेवाओं तक पहुँच के अनुरूप समायोजित किया गया। इस दृष्टिकोण से संसाधनों का अधिक न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित हुआ और महिलाओं की प्राथमिकताओं को स्थानीय विकास योजनाओं में व्यवस्थित रूप से शामिल किया गया।

महिलाओं की सुरक्षा को सुदृढ़ करना : महिलाओं की सुरक्षा को शासन की एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता के रूप में मान्यता दी गई। इसके अंतर्गत बुनियादी ढाँचे में सुधार और सामुदायिक निगरानी तंत्र स्थापित किए गए, जिससे महिलाओं और लड़कियों के लिए सार्वजनिक स्थान अधिक सुरक्षित और सुलभ बने।

सामुदायिक जागरूकता और लैंगिक संवेदनशीलता : पंचायत ने

समुदाय-स्तर पर जागरूकता और संवेदनशीलता कार्यक्रम चलाए, जिनका उद्देश्य भेदभावपूर्ण लैंगिक मानदंडों को चुनौती देना, महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देना और सकारात्मक सामाजिक व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करना था। इन कार्यक्रमों ने सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी के लिए अधिक समावेशी और सहयोगी वातावरण तैयार करने में मदद की।

लैंगिक-संवेदनशील आधारभूत संरचना और कल्याणकारी हस्तक्षेप : महिलाओं की व्यावहारिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधारभूत संरचना और सेवाओं में लक्षित निवेश किए गए। इनमें शामिल थे-

- स्ट्रीट लाइट की स्थापना
- महिला हितेषी स्वच्छता सुविधाओं का निर्माण
- शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत बनाना

इन प्रयासों से शासन को अधिक उत्तरदायी और सुलभ बनाया गया।

प्राप्त परिणाम

इन पहलों के परिणामस्वरूप महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और भागीदारी में महत्वपूर्ण सुधार हुआ तथा लैंगिक-उत्तरदायी स्थानीय शासन का एक प्रभावी और विस्तार योग्य मॉडल सामने आया।

- सुरक्षा और सार्वजनिक आवाजाही में सुधार: बेहतर प्रकाश व्यवस्था और सामुदायिक निगरानी तंत्र के कारण महिलाओं के लिए सार्वजनिक स्थान अधिक सुरक्षित बने।
- शिकायत निवारण और न्याय तक पहुँच में मजबूती: बेहतर रिपोर्टिंग तंत्र के कारण महिलाएँ सुरक्षा, अधिकार उल्लंघन और सेवा वितरण से जुड़ी समस्याओं को अधिक सहजता से सामने लाने लगीं।
- जागरूकता और स्वायत्तता में वृद्धि: जागरूकता कार्यक्रमों ने महिलाओं को उनके अधिकारों, योजनाओं और सरकारी लाभों के बारे में अधिक जानकारी दी, जिससे उनकी सामाजिक और आर्थिक भागीदारी बढ़ी।
- संसाधनों का न्यायसंगत वितरण: लैंगिक-उत्तरदायी योजना और बजट प्रक्रिया ने यह सुनिश्चित किया कि पंचायत के संसाधन महिलाओं की विशिष्ट आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए आवंटित किए जाएँ।

ग्राम पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व के गुण

ग्राम पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीरा समद का नेतृत्व पंचायत में लैंगिक-उत्तरदायी शासन को आगे बढ़ाने में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है।

- महिलाओं के सामने मौजूद संरचनात्मक बाधाओं को दूर करने के लिए दूरदर्शी और परिवर्तनकारी नेतृत्व।
- मजबूत निर्णय-निर्माण और संवाद कौशल, जिससे सामुदायिक भागीदारी और संसाधनों का प्रभावी उपयोग संभव हुआ।
- पंचायत शासन प्रणाली में लैंगिक-उत्तरदायी योजना और बजट प्रक्रिया को संस्थागत रूप देने के लिए सक्रिय प्रयास।

- ऐसा अनुकूल वातावरण तैयार करना, जो स्थानीय शासन प्रक्रियाओं में महिलाओं की भागीदारी, नेतृत्व और सामूहिक पहल को प्रोत्साहित करे।

ग्राम पंचायत अध्यक्ष की टिप्पणी

महिला हितेषी ग्राम पंचायत का निर्माण करने के लिए लैंगिक समानता की स्पष्ट दृष्टि आवश्यक है। इसके लिए महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा को प्राथमिकता देना, लैंगिक-उत्तरदायी योजना और बजट को अपनाना तथा सामाजिक बाधाओं को चुनौती देने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए समुदाय के साथ निरंतर संवाद बनाए रखना जरूरी है।

डिजिटल प्रसार

(आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत के श्रेष्ठ प्रथाओं का वीडियो देखने के लिए स्कैन करें।)

ईशानगर की महिला-केंद्रित शासन की यात्रा

ईशानगर ग्राम पंचायत, राज्य: मध्य प्रदेश

ग्राम पंचायत का नाम: ईशानगर

जिला: छतरपुर

ब्लॉक: छतरपुर

ग्राम पंचायत की जनसंख्या: 9,275

सरपंच / ग्राम पंचायत अध्यक्ष का नाम:
श्रीमती निधि मिश्रा

चुनौतियाँ

एक आदर्श महिला-हितेषी ग्राम पंचायत (MWFGP) में परिवर्तन से पहले ईशानगर को गहराई से जड़ें जमाए सामाजिक मानदंडों का सामना करना पड़ रहा था, जो समावेशी भागीदारी और सेवाओं तक समान पहुँच को सीमित करते थे।

- नागरिक भागीदारी की कमी: महिलाओं में सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता कम थी और योजना निर्माण तथा निर्णय-निर्माण में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने वाले मंचों का अभाव था, जिसके कारण वे स्थानीय शासन में सक्रिय रूप से शामिल नहीं हो पाती थीं।
- कमज़ोर आधारभूत संरचना: अपर्याप्त स्वच्छता और जल निकासी व्यवस्था, सुरक्षित पेयजल की सीमित उपलब्धता तथा आंतरिक सड़कों की खराब स्थिति का महिलाओं और लड़कियों पर विशेष रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ता था, जिससे उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और गरिमा प्रभावित होती थी।
- सुरक्षा और शिक्षा से जुड़ी बाधाएँ: सुरक्षा संबंधी चिंताओं और लैंगिक-संवेदनशील सुविधाओं की कमी के कारण कई लड़कियाँ अपनी शिक्षा जारी रखने से वंचित हो जाती थीं, जिससे असमानता का चक्र बना रहता था।
- महिला नेतृत्व के प्रति प्रतिरोध: पारंपरिक सामाजिक मान्यताएँ अक्सर महिलाओं के नेतृत्व को स्वीकार नहीं करती थीं। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की कमी के कारण समावेशी शासन को लागू करने में प्रशासनिक कठिनाइयाँ भी उत्पन्न होती थीं।

प्रमुख पहल

आदर्श महिला हितेषी ग्राम पंचायत (MWFGP) पहल के अंतर्गत ईशानगर ग्राम पंचायत ने कई समेकित और लैंगिक-संवेदनशील पहलें शुरू कीं, जिनका उद्देश्य समावेशी शासन और सामुदायिक विकास को मजबूत करना था।

- भागीदारी और पारदर्शिता को सुदृढ़ करना: महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नियमित ग्राम सभा बैठकों का आयोजन किया गया। इससे संवाद, सामूहिक निर्णय-निर्माण और जवाबदेही को बढ़ावा मिला।
- स्वास्थ्य और स्वच्छता में सुधार: प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) सेवाओं को मजबूत किया गया, स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाए गए और सुरक्षा तथा गरिमा को बढ़ावा देने के लिए लैंगिक-संवेदनशील सुविधाएँ विकसित की गईं।
- लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा: स्कूलों में लड़कियों के लिए शौचालयों का निर्माण, सामुदायिक पुस्तकालय की स्थापना और लक्षित सामुदायिक जागरूकता अभियानों के माध्यम से लड़कियों के नामांकन, उपस्थिति और विद्यालय में निरंतरता को बढ़ावा मिला।
- आर्थिक समावेशन को प्रोत्साहन: कल्याणकारी योजनाओं तक पहुँच का विस्तार, बेहतर सड़क संपर्क और विश्वसनीय पेयजल व्यवस्था ने महिलाओं के आर्थिक अवसरों के साथ-साथ पूरे समुदाय के जीवन स्तर को बेहतर बनाया।
- सुरक्षा और शिकायत निवारण सुनिश्चित करना: स्ट्रीट लाइटिंग, सुरक्षित स्वच्छता सुविधाएँ और सामुदायिक

शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत कर महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित किया गया।

इन सभी पहलों ने मिलकर एक सहभागी, जवाबदेह और महिला-केंद्रित शासन मॉडल की नींव रखी।

प्राप्त परिणाम

इन केंद्रित प्रयासों से सामाजिक, संस्थागत और लैंगिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई।

- सामाजिक परिणाम: महिलाएँ स्थानीय शासन में सक्रिय योगदानकर्ता के रूप में उभरीं, जिससे सामुदायिक स्वामित्व, एकता और विकास के प्रति गर्व की भावना मजबूत हुई।
- संस्थागत परिणाम: सार्वजनिक सेवाओं की आपूर्ति में सुधार हुआ और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय मजबूत हुआ।
- लैंगिक परिणाम: महिला नेतृत्व को व्यापक स्वीकृति मिली, लड़कियों के स्कूल नामांकन और निरंतरता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई तथा सुरक्षा और गरिमा के प्रति जागरूकता पूरे समुदाय में बढ़ी।

इन प्रयासों के परिणामस्वरूप ईशानगर को अब जिले में "महिला सशक्तिकरण के प्रतीक" के रूप में व्यापक पहचान मिली है।

सरपंच के नेतृत्व के गुण

ईशानगर का यह परिवर्तन श्रीमती निधि मिश्रा के नेतृत्व का परिणाम है, जिनका दृष्टिकोण प्रशासनिक दक्षता और समुदाय के साथ गहरे संवाद का संतुलित संयोजन है।

- समावेशी और सहभागी नेतृत्व: वे खुले संवाद को बढ़ावा देती हैं, समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करती हैं और सामूहिक निर्णय-निर्माण को प्राथमिकता देती हैं।
- मजबूत प्रशासनिक समन्वय: सामाजिक प्रतिरोध को दूर करते हुए और विभिन्न विभागों के बीच सहयोग को मजबूत कर उन्होंने समयबद्ध और जवाबदेह सेवा वितरण सुनिश्चित किया।
- संवेदनशील शासन: उनका नेतृत्व दृढ़ प्रशासन और समुदाय की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशीलता के बीच संतुलन स्थापित करता है, जिससे शासन व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन आया और महिलाओं का सशक्तिकरण संभव हुआ।

सरपंच की विचार

"किसी पंचायत का वास्तविक परिवर्तन केवल आधारभूत संरचना के निर्माण से नहीं होता; यह लोगों की सोच में बदलाव लाने और पूरे समुदाय में साझा स्वामित्व की भावना विकसित करने से संभव होता है।"

डिजिटल प्रसार

(आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत के श्रेष्ठ प्रथाओं का वीडियो देखने के लिए स्कैन करें।)

महिलाओं की गरिमा और सशक्तिकरण के प्रति पंचायत की प्रतिबद्धता

अरजुनी ग्राम पंचायत, राज्य: महाराष्ट्र

जीपी का नाम: अरजुनी

जिला: कोल्हापुर

ब्लॉक: कागल

जीपी की जनसंख्या: 2217

सरपंच का नाम:
श्री बापू राम यादव

चुनौतियाँ

